## मिनी ट्रक ने सड़क पर बैठे मवेशियों को कुचला, आठ की मौके पर मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के बुढार थाना अंतर्गत ग्राम लालपुर मोहघाट टोला स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर एक मिनी ट्रक की लापरवाह चालकी के कारण 9 गोवंश को कुचल दिया गया। इस घटना में 8 गोवंशों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गोवंश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और गौ सेवक संस्थान के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे।



ग्रामवासियों के अनुसार, सुबह लगभग 8.30 बजे मिनी ट्रक क्रमांक एमपी 18 जेडई 5653 ने सड़क पर बैठी गायों को कुचल दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मिनी ट्रक को रोका, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया। गौ सेवकों ने कहा कि जानकारी के बाद हम घटना स्थल पहुंचे और वाहन का पीछा करना शुरू किया, कुछ दूर में जाकर चालक वाहन छोड़कर भाग निकला जिसके बाद पुलिस को हमने घटना के बारे में सूचना दी।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मृत गायों को हटवाने का कार्य शुरू किया। मृत गायों को पोस्टमार्टम के लिए पिपतरा की गौशाला में भेजा गया। पुलिस ने मिनी ट्रक को जब्त कर थाने लाकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा हमने प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई आरंभ कर दी है और चालक की तलाश जारी है।

घटनास्थल पर मौजूद गौ सेवक संस्थान के कार्यकर्ता भी इस घटना को लेकर बेहद चिंतित हैं। एक गौ सेवक ने कहा हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं। ऐसे लापरवाह चालकों के खिलाफ कड़ी सजा होनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। स्थानीय प्रशासन ने कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं और घटनास्थल पर तत्काल पुलिस बल भेजा गई थी।

बुढार थाना प्रभारी संजय जायसवाल ने कहा मामले में वाहन चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है,चालक फरार है जिसकी तलाश जारी है।

## दबंगों ने सडक किनारे खड़ा कर दिया मलबे का पहाड़

**पन्ना, देशबन्धु।** खनिज संपदा के लिए देशभर में प्रसिद्ध पन्ना जिला इन दिनों अवैध खनन के बड़े अड्डे में तब्दील होता जा रहा है। जिले के सुदूर अंचलों में जंगल और राजस्व क्षेत्र की जमीनें बेतहाशा ढंग से खोदी जा रही हैं। खनन माफिया इतने बेखौफ हैं कि अब सड़क किनारे ही पत्थर निकालकर उसका मलवा फेंकना शुरू कर चुके हैं, जिससे साफ है कि उन्हें प्रशासन या विभागों की कोई परवाह नहीं रह गई है। ताजा मामला गुनौर विकासखंड अंतर्गत सलेहा क्षेत्र के जैतुपुर गांव का है, जहां सैकड़ों खदानें खुद चुकी हैं। कई खदानें राजस्व क्षेत्र में तो कई प्रत्यक्ष रूप से वन भूमि पर चलाई जा रही हैं।

स्थानीय ग्रामीणों की मानें तो यह खनन कोई आज की बात नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहा है। दबंग खननकर्ताओं ने तो अब हद ही पार कर दी है। मुख्य सड़क के दोनों ओर खनन मलवा भर दिया गया है। कई जगहों पर तो सड़क किनारे ही खदानें खोद दी गई हैं, जिससे राहगीरों को भी खतरा बना रहता है।

खदान के लिए बकायदा प्लास्टिंग होती है, जिससे ग्रामीण हमेशा भयभीत रहते हैं, यहां तक जैतुपुरा के सार्वजनिक तालाब, पानी टंकी आदि को भी अतिक्रमणकारी खनन माफियाओं ने अपने कब्जे में ले रखा है और यहां बेतहाशा



### सलेहा कल्दा क्षेत्र में अवैध खनन लगातार जारी

उत्खनन किया जा रहा है। यह संभव ही नहीं हैं कि इतने बड़े स्तर पर हो रहे अवैध करोबार की भनक प्रशासन या जिम्मेदार अधिकारियों को न हो। बावजूद इसके अवैध खनन बेरोक-टोक जारी है।

**छजौरा-पटना तमोली तक पहुंचता है पत्थर-** इन अवैध खदानों से निकाले गए फर्शी पत्थर और बोल्डर ट्रैक्टर व ट्रकों के माध्यम से छजौरा, पटना तमोली जैसे इलाकों तक पहुंचाए जाते हैं, जहां खुलेआम इनका भंडारण और बिक्री होती है। पटना-तमोली मुख्य मार्ग के किनारे ही पहाड़ी तलहटी में बड़े क्षेत्र पर फर्शी पत्थरों का ढेर साफ देखा जा सकता है।

स्थानीय लोग, दबंगों के डर से इस मुद्दे पर कुछ बोलने से कतराते हैं, जबकि मामला अब प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और पर्यावरणीय असंतुलन का रूप ले चुका है।

**खनिज अधिकारी तथा प्रशासन मौन** -पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि न तो खनिज विभाग ने अब तक कोई ठोस कार्रवाई की है और न जिला प्रशासन आगे आया है। वन विभाग के आला वरिष्ट अधिकारी डीएफओ अनुपम शर्मा ने मामले पर निष्पक्ष जांच की बात कही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि खनन राजस्व क्षेत्र में हो रहा है, वन सीमा से बाहर है। फिर भी जांच कराई जाएगी।

**इनका कहना है**

आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है, यदि ऐसा अवैध उत्खनन हो रहा है, तो निश्चित तौर पर कार्यवाही की जायेगी।

**सुरेश कुमार, कलेक्टर पन्ना**

**इनका कहना है**-वन क्षेत्र में कहीं भी अवैध खनन की शिकायत नहीं हैं, जैतुपुर हरदुआ आदि क्षेत्र में जो खनन हो रहा है, वन सीमा के पास भी यदि अवैध खनन हो रहा है, तो हम जांच करायेंगे।

**अनुपम शर्मा,**
**वन मंडलाधिकारी दक्षिण वन मंडल पन्ना।**

## सार-समाचार

### छह-सात माह में ही उखड़ गई चरणगंगा पुल पर बनाई गई रोड



**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के मानपुर मुख्यालय ढेकेदारो के भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है जहा भी देखो जिस ढेकेदार को देखो वह चंद रुपए विभाग के इंजीनियर और उच्च अधिकारियों को देकर जम कर भ्रष्टाचार करता है और जिम्मेदार उन्ही भ्रष्ट ढेकेदार का सहयोग करते है । मामला मानपुर शहडोल मार्ग में 4करोड़65 लाख की लागत से ब्रिज कॉरपोरेशन विभाग से बने चरणगंग नदी पुल का है जिसे बीते 5 महीने पहले पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक मीना सिंह के गरमामई उपस्थिति में उद्घाटन कर चालू किया गया था पुल ढेकेदार द्वारा जैसे तैसे 5 वर्षो में निर्माण कार्य पूरा तो किया गया पर पुल की नीव और पुल कितना मजबूत बना यह कहा नही जा सकता क्योंकि पुल के दोनो तरफ 6 महीने पहले बनाई सड़क का हाल यह है की बड़े बड़े गड्ढे होने के साथ साथ गिट्टी उखड़कर पूरे रोड में फैल रही है जिससे दुर्घटनाएं होने की संभावना भी है ।

अब सवाल यह है की 6 महीने पहले बनी सड़क का यह हाल है तो पुल कितना मजबूत बना होगा यह किसी से छुपा नही है क्या ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने समय समय पर पुल या रोड का निरीक्षण नही किया अगर किए होते तो रोड का ये हाल तो नहीं होता अभी तो 1बरसात भी नही हुई और पूरी रोड उखड़ गई। जिले के मुखिया आदरणीय कलेक्टर महोदय से जनअपेक्षा है की संबंधित ब्रिज कॉरपोरेशन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर चरण गंगा पुल के दोनो ओर उखड़ रही रोड की मरम्मत कराई जाए जिससे कोई भी दुर्घटना से आम जनमानस को बचाया जा सके।

### इमाम हुसैन को किया गया याद

**ब्यौहारी, देशबन्धु।** नगर परिषद के अंतर्गत विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुहर्रम उल हराम की पहली तारीख आगामी 27 जून 2025 को बाद नमाज मगरिब मोहर्रम की पहली तारीख पहला मोहर्रम मनाया जाएगाकी कमेटी के सदस्यों से मिली जानकारी के अनुसार इमामे हुसैन की याद में 27 जून से 7 जुलाई तक बाद नमाज ईशा कर्बला में शहीद हुए इमाम हुसैन का वाक्य हाफिज कारी वसीम राजा एवं बाहर से तस्वीर लाए हुए याकूब उस्मानी एवं मदरसा गरीब नवाज के नव निहालों द्वारा इमाम हुसैन की शहादत पर मोहर्रम की 1 तारीख से 12 तारीख तक प्रोग्राम कमेटी द्वारा करवाया जाता है जो की 27 जून से 7 जुलाई तक कार्यक्रम रहेगा कार्यक्रम पश्चात कमेटी द्वारा लंगर आयोजन मंकुल कराया जाता है यह कार्यक्रम जमा मस्जिद व्यवहारी वार्ड क्रमांक 3 कमेटी द्वारा कराया जाएगा।

### कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए छह दावेदार



**उमरिया, देशबन्धु।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत झारखंड के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और अभियान के प्रभारी राजेश ठाकुर उमरिया पहुंचे। शुक्रवार को उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों से चर्चा की। ठाकुर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस अभियान का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि उमरिया में कोई गुटबाजी नहीं दिखी और सभी को अपनी बात रखने की स्वतंत्रता है।

### जिले में 26 जून को 4.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**शहडोल,देशबन्धु।** अधीक्षक भू-अभिलेख शहडोल ने जानकारी दी है की जिले में 26 जून को जिले में कुल 4.9 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 1.0 मिमी., बुढ़ार में 11.0 मिमी., गोहपारू में 11.0 मि.मी., जैतपुर में 4.0 मिमी, चन्नौड़ी में 4.0 मिमी., ब्यौहारी में 0.0 मिमी, जयसिंहनगर में 3.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 01 जून 2025 से अब तक वर्षामापी केन्द्र सोहागपुर में 103 मिमी., बुढ़ार में 95 मिमी., गोहपारू में 111 मि.मी., जैतपुर में 242 मिमी, चन्नौड़ी में 208 मिमी., ब्यौहारी में 108 मिमी, जयसिंहनगर में 124 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस प्रकार जिले में अब तक औसत वर्षा 141.6 मिमी. दर्ज की गई है।

## अधिक दूध देने वाली देशी नस्ल के तीन गोपालकों को दिया गया पुरस्कार

**शहडोल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन के पशुपालन विभाग एवं डेयरी विभाग द्वारा भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गाय प्रतियोगिता का आयोजन उपसंचालक पशुपालन विभाग कार्यालय कामदेनु भवन के परिसर में किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि गाय हमारी संस्कृति, अर्थव्यवस्था और जीवन का अभिन्न अंग है। इसका संरक्षण न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत लाभकारी है। यदि हम गायों के संरक्षण और पालन-पोषण पर विशेष ध्यान दें, तो दुग्ध उत्पादन में क्रांतिकारी वृद्धि हो सकती है। पशुपालन, खेती-किसानी में बोनस का काम करता है।

गौमूत्र एवं गोबर से जैविक उर्वरक एवं कीटनाशक दवाई बनाई जाती हैं। जिसका उपयोग करने से खेती की लागत में कमी आती है। इस इवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्री राम नरेश शर्मा, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ अशोक सिंह, राजकुमार तिवारी, गौपालक तथा विभागीय अमला उपस्थित रहा। विधायक ने कहा कि देसी नस्ल की गायों को प्रोत्साहन देकर देशी दूध की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में वृद्धि की जा सकती है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और दुग्ध आधारित उद्योगों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दुग्ध आधारित उत्पादों को बढ़ावा देकर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं, साथ ही आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को भी साकार कर सकते हैं। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अनेकों योजनाएं संचालित कर रही है। गौपालक योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने।

## खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन पर कार्रवाई

**शहडोल, देशबन्धु।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम हेतु शहडोल जिले के ग्राम पंचायत जरवाही के बटली घाट (सोन नदी) क्षेत्र अन्तर्गत खनिज रेत का अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन बिना नंबर मेटाडोर को खनिज विभाग द्वारा जप्त किया गया । उक्त संलिप्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना प्रभारी, थाना बुढार की सुपुर्दगी में दिया गया। उक्त वाहन के विरूद्ध म0प्र0 खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत् प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया गया।

## खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत कार्यो की प्रगति की समीक्षा की

**शहडोल, देशबन्धु।** जिला खनिज प्रतिष्ठान के न्यास मंडल एवं कार्यपालिक समिति की बैठक विराट सभागार में संपन्न हुई। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से प्रस्तावित कार्यों के प्राकलन अनुमोदन के पूर्व ही निर्माण विभागों से प्राप्त कर लिए जाएं। जिससे कार्यों को पूरा करने के लिए रिवाईज स्टीमेट की आवश्यकता नहीं पड़े। आपने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित गाईडलाईन के अनुसार प्राथमिकता वाले कौन से कार्य जिला खनिज मद से स्वीकृत किए जा सकते हैं की सूची जन प्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाए। जिससे जन प्रतिनिधि गाईडलाईन के अनुसार ही कार्य प्रस्तावित कर सके।

विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल ने कहा कि जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत कार्यों की सूची में अनुमोदित कार्य जिन जन प्रतिनिधियों द्वारा जो कार्य प्रस्तावित किए जाते हैं उपलब्ध करा दी जाए। ऐसा करने से संबंधित जन प्रतिनिधि उन कार्यों की मानीटरिंग कर सकेंगे जिससे कार्यों के पूरा होने में होने वाली देरी से बचा जा सकेगा।

## एनटीपीसी-विंध्याचल की 86वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**सिंगरौली, देशबन्धु।** विंध्याचल परियोजना के प्रशासनिक भवन सीवी रमन सभागार में दिनांक 27.06.2025 को मानव संसाधन राजभाषा अनुभाग द्वारा 86वीं राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। इस समिति का मुख्य कार्य परियोजना के अंतर्गत विभागों/अनुभागों मे राजभाषा अधिनियम/नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करना एवं अप्रैल से जून, 2025 की तिमाही की इस दिशा में हो रही प्रगति की समीक्षा कर आगे की कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन करना है। राजभाषा कार्यान्वयन समिति की यह बैठक महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीव कुमार साहा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।



महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीव कुमार साहा ने राजभाषा अनुभाग द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं हिंदी मे उत्कृष्ट कार्य कर रहें कर्मचारियों को प्रोत्साहन के लिए उन्हें प्रोत्साहित कर ज्यादा से ज्यादा कार्य हिंदी में करने के लिए प्रेरित किया ।

बैठक के आरंभ मे सर्वप्रथम महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) श्री डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक(प्रचालन) श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं ईधन प्रबंधन) श्री सतेन्द्र कुमार सिंह, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) श्री दीपू ए, महाप्रबन्धक(तकनीकी सेवाएँ) श्री देवव्रत त्रिपाठी, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) श्री राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक(मानव संसाधन) श्रीमती मृणालनी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) श्रीमती कामना शर्मा, शिक्षक (डीपीएस स्कूल, विंध्यनगर) श्री राहुल द्विवेदी, अन्य अपर महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के नोडल अधिकारियों का अभिनंदन किया गया । तत्पश्चात अप्रैल से जून, 2025 तिमाही के दौरान राजभाषा अनुभाग की विशिष्ट उपलब्धियों की जानकारी व विगत बैठक के दौरान लिए गए विभिन्न निर्णयों की वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया।

## पहली बारिश मे ढही पुलिया, आवागमन बाधित

**नौरोजाबाद , देशबन्धु।** उमरिया जिले के जनपद पंचायत करकेली अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहका 82 के ग्राम छूहाई मे प्रधानमंत्री सड़क पर बनी पुलिया बारिश मे क्षतिग्रस्त हो गई, जिस कारण सड़क के बीचोबीच बडा गड्ढा हो गया, जिस कारण चार पहिया और बड़े वाहनो का आवागमन पूरी तरह से बंद हो गया है प्राप्त जानकारी के अनुसार नौरोजाबाद से कोहका 82 होते हुए शहपूरा जबलपुर जाने का यह सीधा रास्ता है इसी मार्ग पर ग्राम पंचायत कोहका 82 के ग्राम छूहाई मे प्रधानमंत्री सड़क पर बनी पुरानी पुलिया बीते दिन भारी बारिश होने के कारण ढह गई है जिस कारण लगभग 15 से 20 गाँव का सड़क के माध्यम से संपर्क टूट गया, प्राप्त जानकारी के अनुसार इसी मार्ग से ज्यादा तर यात्री बसें शहपूरा जाती है और शहपूरा से इस क्षेत्र के लोगों को जबलपुर के लिए सीधे बस की मिलती है लेकिन इसी मार्ग पर बनी पुलिया के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण कई यात्री बसे दुलहरी मार्ग का सहारा लेकर शहपूरा तक पहुंची।

## उमरिया में 5 साल बाद जून में अच्छी बारिश

### पिछले साल से 8 गुना ज्यादा, किसानों ने शुरू की धान की रोपाई

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में इस वर्ष जून माह में पिछले 5 साल का सूखा खत्म हुआ है। जिले में लगातार हो रही बारिश से किसानों ने खेती के काम शुरू कर दिए हैं। कृषि विभाग के अधिकारी आरएन सिंह परिहार ने बताया है कि इस साल पिछले वर्ष की तुलना में 8 गुना अधिक बारिश दर्ज क

1 जून से 27 जून 2023 तक 163.1 मिलीमीटर बारिश हुई है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में केवल 23.1 मिलीमीटर औसत बारिश दर्ज की गई थी। बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आई है। अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

बारिश से खेतों में पानी जमा हुआ।

बिलासपुर में 72 मिमी, मानपुर में 52.5 मिमी, बांधवगढ़ में 13.4 मिमी, करकेली में 12.8 मिमी, पाली में 6.8 मिमी, नौरोजाबाद में 3.2 मिमी और चंदिया में 1.8 मिमी बारिश दर्ज की गई।किसान गुड्डा ने बताया है कि जुलाई के पहले सप्ताह में धान की रोपाई शुरू हो जाएगी। खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी भर चुका है और किसान ट्रैक्टरों से मिट्टी की जुताई कर रहे हैं।

## वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला आयोजितं

**सिंगरौली, देशबन्धु।** विंध्याचल में राजभाषा अनुभाग द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शुभारंभ परियोजना के प्रशासनिक भवन के सी वी रमन सभागार में दिनांक 27.06.2025 को किया गया। कार्यशाला के दौरान संकाय सदस्य के रूप में शिक्षक(डीपीएस स्कूल, विंध्यनगर) श्री राहुल द्विवेदी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) डी के अग्रवाल, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं ईधन प्रबंधन) सतेन्द्र कुमार सिंह,



महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री) श्री दीपू ए, महाप्रबन्धक(तकनीकी सेवाएँ) देवव्रत त्रिपाठी, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) मृणालनी, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कामना शर्मा, शिक्षक, पीजीटी हिंदी (डीपीएस स्कूल, विंध्यनगर) राहुल द्विवेदी, अन्य अपर महाप्रबंधकगण एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के नोडल अधिकारियों के साथ-साथ अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहें।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) संजीव कुमार साहा, अन्य महाप्रबंधकगण शिक्षक(डीपीएस स्कूल, विंध्यनगर) राहुल द्विवेदी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर अभिनंदन किया गया।

## कमीशन की भेंट चढ़ गया एसईसीएल का पाइप लाइन प्रोजेक्ट

**नौरोजाबाद, देशबन्धु।** एसईसीएल जोहिला एरिया के रहवासी कोलौनी नौरोजाबाद के विभिन्न मोहल्लो मे एसईसीएल जोहिला एरिया के द्वारा नई पाईप लाइन बिछाने का कार्य संबंधित ठेकेदार के द्वारा कराया गया है सम्पूर्ण रहवासी कोलौनी मे लगभग 80 लाख की लागत से तीन किलोमीटर की पाइप लाइन ठेकेदार द्वारा बिछाई गई है पानी पाइप लाइन बिछाने मे महज खाना पूर्ति की गई है।

कई वर्षो पूर्व एसईसीएल जोहिला प्रबंधन के द्वारा श्रम वीरों के रहवासी कोलौनी मे पानी की सुविधा के लिए पानी पाईप लाइन बिछाई गई थी, जो कई जगह से खराब हो गई थी, जिस कारण नौरोजाबाद नगर के श्रम वीरो के रहवासी कोलौनी मे पानी सप्लाई की दिक्कत होने लगी थी, जिसकी शिकायत कोलौनी मे निवासरत श्रमवीरो के द्वारा मौखिक रूप से प्रबंधन के आला अधिकारियों से की गई। प्रबंधन द्वारा समस्या की गंभीरता को समझते नई पानी पाइप लाइन बिछाने का ठेका संबंधित ठेकेदार को दिया गया।

ठेकेदार के द्वारा नौरोजाबाद स्थित फ़िल्टर प्लांट से पानी पाईप लाइन बिछाने का कार्य शुरू किया गया, और लगभग एक वर्ष के भीतर पुरे नगर मे पाईप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण भी कर लिया गया,जी एम निवास के पीछे सप्लाई नहीं की चालू प्राप्त जानकारी के



अनुसार जी एम निवास के पीछे की श्रमवीरो की कालोनी मे ठेकेदार के द्वारा नई पानी पाईप लाइन तो बिछा दी गई है लेकिन अभी तक पानी चालू नहीं किया है और कॉलोनी मे अभी भी पुरानी पाईप लाइन से पानी सप्लाई चालू है ज़ब एसईसीएल जोहिला एरिया के मुखिया के निवास के पीछे का यह हाल है तो नगर और क्या हाल होगा इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, नगर पालिका के सामने की कालोनी मे भी नहीं है पानी सप्लाई चालू प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका के सामने स्थित रहवासी कॉलोनी मे भी ठेकेदार के द्वारा पानी सप्लाई के लिए नई पाईप लाइन तो बिछा दी गई है लेकिन किसी भी कमरे मे पानी सप्लाई कनेक्शन नहीं दिया गया है

**पाईप लाइन बिछाने मे ठेकेदार के द्वारा बरती गई लापरवाही**

एसईसीएल जोहिला एरिया के प्रबंधन के द्वारा जिस ठेकेदार को नई पाईप लाइन बिछाने का ठेका दिया गया था, उस ठेकेदार पाईप लाइन बिछाने मे लापरवाही की गई है सूत्रों के अनुसार पानी पाईप लाइन बिछाने के दौरान पाईप मे साकिट एल बो को को चूड़ी बनाकर सेट करना था लेकिन ठेकेदार के द्वारा पाईप लाइन मे लापरवाही पूर्वक कार्य करते हुए साकिट एल बो बिल्डिंग कर अपने कार्य को पूरा कर दिया गया है इस कारण अगर भविष्य में कभी भी पाईप लाइन लीकेज होता है तो उसको सुधारना बहुत ही मुश्किल होगा, ठेकेदार का हो गया भुगतान ठेकेदार के द्वारा लापरवाही पूर्वक कार्य करने के बाद उसके बिल का भुकतान होना संदेह के घेरे मे आता है आखिर किस दवाब मे आकर प्रबंधन के द्वारा ठेकेदार का भुकतान कर दिया गया है यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है

**इनका कहना है**

हाँ यह बात सही है की नगर पालिका के सामने की कालौनी के कमरों मे नई पाईप लाइन कनेक्शन ठेकेदार के द्वारा नहीं किया गया है जिसके लिए ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा, रही बात साकिट एल बो मे पाईप लाइन फिट करने के बाद बिल्डिंग करने की तो पानी के फ़ोर्स को कंट्रोल करने के लिए बिल्डिंग किया जा सकता है

**लालमणी प्रजापति सिविल इंजिनियर नौरोजाबाद**